हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 16 जून 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 न्यायालय के आदेश पर राजस्व दल ने 3.5 करोड़...



09 जनप्रतिनिधियों के साथ अफसरों ने नर्मदा...



**परेशानी:** जिम्मेदारों की अनदेखी, चालानी कार्रवाई नहीं होने से शहर में ऐसे नजारे हो रहे हैं आम

# बीच सड़क पर निर्माण सामग्री का ढेर, कई जगह कटी पड़ी हैं लकड़ियां, गिर रहे हैं वाहन

अभी तक सड़कों पर निर्माण सामग्री रखने वालों पर सख्ती नहीं हो सकी है। जब तक इनके खिलाफ चालानी कार्रवाई नहीं होगी तब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में कई निर्माण के काम चल रहे हैं। इनके कारण लोग इसलिए परेशान हैं कि सड़कों पर ही सामग्री पटक रखी है। ऐसे में सड़कों पर सामग्री पड़ी होने से चार पहिया वाहनों को निकलने में परेशानी होती है तो दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर पड़ते हैं।

ऐसा एक जगह नहीं बल्कि कई जगह यही स्थिति बनी हुई है। कई जगह तो लकड़ियों को सड़क किनारे काटकर ढेर लगा रखा है। अब ऐसे में यहां पर भी हादसों का खतरा बना रहता है, लेकिन इसकी जिम्मेदारों को कोई परवाह नहीं है। अभी तक सड़कों पर निर्माण सामग्री रखने वालों पर सख्ती नहीं हो सकी है। जब तक इनके खिलाफ चालानी कार्रवाई नहीं होगी तब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा।

नगर में कई स्थानों पर भवन निर्माताओं द्वारा सड़क पर ही रेत गिट्टी व अन्य सामग्री रखकर भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिससे न सिर्फ यातायात बाधित हो रहा है बल्कि हादसों की आशंका भी रहती है। शहर की कई कॉलोनियों में मकान का निर्माण कार्य चल रहे हैं। इस कारण आवाजाही करने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि मार्ग में फैली गिट्टियां और मटेरियल परेशानी का सबब बनी हुई हैं।



### इन मार्गों पर चल रहा निर्माण

शहर के छावनी, गांधी रोड, गंगा आश्रम व अन्य स्थानों पर भवन निर्माण व अन्य कार्य चल रहे हैं। लोगों ने सड़क किनारे ही रेत, गिट्टी, बिल्डिंग मटेरियल व अन्य सामग्री रोड पर ही पटक रखी है। जिससे यातायात बाधित होता है और लोगों को दिक्कत होती है। वहीं हादसे का भी डर बना रहता है।

### हाथ ठेलों से भी परेशानी

मुख्य बाजारों में रोड के दोनों तरफ खड़े वाहनों और ठेलों के कारण भी हादसों का खतरा रहता है। इन वाहनों के दोनों साइड खड़े होने से 20 फीट चौड़ी सड़क सिमटकर 12 फीट की रह जाती है जिससे बार-बार जाम की स्थिति बनती है। पुराने भोपाल इंदौर हाइवे पर तो वाहन लाइन से खड़े होते हैं जिससे यातायात व्यवस्था बाधित होता है। हाथ ठेलों को खड़ा कराने के लिए अभी भी हॉकर्स जोन नहीं बन सके जिससे यह परेशानी आज भी बनी हुई है।

**सड़कों के बीच में रेत से लेकर गिट्टी और ईंटें :** मकान निर्माण करने वाले लोग भी रेत, गिट्टी, बिल्डिंग मटेरियल को सड़क किनारे ही डंप करा रहे हैं। मकान निर्माण करने वाले लोगों ने निर्माण सामग्री को मार्ग पर ही फैला कर रखा है। शहर के विभिन्न कॉलोनी समेत मुख्य रास्तों पर रेत, ईंट, गिट्टी अन्य सामग्री को एकत्रित कर सड़क पर रखा जा रहा है, जिससे वाहनों की आवाजाही के कारण निर्माण सामग्री सड़कों पर ही फैल गई हैं, जिससे दो पहिया वाहन के अचानक सामने आने पर ब्रेक लगाने पर फिसल कर गिरने का डर रहता है। तो वहीं मार्ग किनारे रखे मटेरियल के कारण वहां यातायात की समस्या अधिक बनती है।

### शहर में कई जगह चल रहा काम

शहर की बात करें तो कई जगह इन दिनों निर्माण केव काम चल रहे हैं। इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। नगर पालिका को इस तरह के लोगों पर सख्त कार्रवाई करना चाहिए। इस तरह से यातायात बाधित करने से आए दिन लोगों को परेशानी होती है। निर्माण सामग्री को यदि सड़क से उठा लिया जाए तो समस्या का समाधान हो जाए।

### गणेश मंदिर रोड पर सबसे ज्यादा समस्या

गणेश मंदिर रोड पर लोगों को आवाजाही में सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ता है। शुगर फैक्ट्री चौराहा से गणेश मंदिर रोड पर लकड़ी को काटकर पटक दिया है। ऐसे में हादसों का खतरा बना रहता है। इन लकड़ियों को हटाया जाना चाहिए ताकि वाहन चालकों को परेशानी ना हो।

## खबर संक्षेप में

### जैन समाज करेगा सामूहिक आयंबिल तप

**नलखेड़ा।** जीवों की आत्मा की शांति के लिए जैन समाज द्वारा प्रतिवर्ष आयंबिल तप की तपस्या कर परमात्मा से उनके कल्याण की प्रार्थना की जाती है। इस वर्ष भी नलखेड़ा जैन समाज द्वारा सामूहिक आयंबिल तप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में आराधक इस तप की तपस्या करेंगे। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज द्वारा 17 जून को करुणा दिवस पर एक आयंबिल अबोध पशुओं की समाधि के लिए कार्यक्रम का आयोजन रखकर बड़ी संख्या में आराधकों द्वारा आयंबिल तप किए जाएंगे। जैन श्वे. मूर्तिपूजक संघ, नलखेड़ा की ओर से सामूहिक आयंबिल का यहां आयोजन जैन श्वे. धर्मशाला, चौक बाजार, नलखेड़ा में रहेगा।

### नाले के गहरीकरण व रिटर्निंग की मांग

**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थ पहुंची प्रदेश सरकार की नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी को नगर के वार्ड 10 के पार्षद द्वारा वार्ड से निकलने वाले नाले के गहरीकरण व नाले पर रिटर्निंग वाल निर्माण की मांग का एक मांग पत्र सौंपा गया। मंत्री बागरी को वार्ड 10 के पार्षद विष्णुप्रसाद आटेडिया ने सौंपे मांग पत्र में बताया गया कि नगर का वार्ड 10 रामपुरा यहां गरीब वर्ग के नागरिक निवास करते हैं। वार्ड के आबादी क्षेत्र के समीप से एक नाला निकला हुआ है जिसमे जंगल का पानी आता है। अत्यधिक वर्षा होने से नाले का पानी रहवासियों के घरों में भरा जाता है। गत वर्ष नाला उफान के दौरान एक बालक के इसमें बह जाने से उसकी मौत की घटना भी हो चुकी है। मांग पत्र में बताया गया कि उक्त नाला समतल स्थिति में है। जिसके गहरीकरण की आवश्यकता है, गहरीकरण हो जाने से नाले में पानी आसानी से प्रवाह हो जाएगा जिससे इसका पानी वार्ड के रहवासियों के घरों में नही भरायेगा। मांग पत्र में नाला गहरीकरण की मांग के साथ ही नाले के किनारे पर रिटर्निंग वाल के निर्माण की भी मांग की गई है।

### शारीरिक परीक्षा और टेस्ट 2 जुलाई से

**सीहोर।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 25 मई से 20 जून 2023 तक कराई गई थी। परिणाम 14 मार्च 2024 को घोषित किया गया था। सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी की परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट जेल विभाग लेगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नाप खोज एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू, पुलिस स्टेडियम भोपाल में 2 से 7 जुलाई तक है। विस्तृत विवरण मप्र कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



## दल ने अशासकीय स्कूलों का किया निरीक्षण, जांच प्रतिवेदन देगा डीईओ को

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शासन की मंशानुरुप अशासकीय स्कूलों में छात्रों की फीस, गणवेश किताबे की जानकारी के लिए कलेक्टर द्वारा गठित समिति द्वारा नगर के अशासकीय स्कूलों का निरीक्षण कर अपना प्रतिवेदन तैयार किया गया। निजी स्कूलों की जांच के इसी क्रम में शनिवार को नगर की शिक्षण संस्था कक्का इंटरनेशनल स्कूल (सीबीएसई) एवं कमलासागर स्कूल का भी बिन्दुवार निरीक्षण किया गया। तहसीलदार प्रीति भिंसें के निर्देशन में समिति सदस्य मनोहर चौहान बीईओ आगर, दीपक नारायण उपाध्याय बीआरसी आगर, ओमप्रकाश तोमर प्राचार्य, हाईस्कूल चांदनगांव, दिनेश सोलंकी प्राचार्य, हाईस्कूल तनोडिया ने निजी विद्यालय की फीस, यूनिफॉर्म, बुक्स सहित 13 बिंदुओं पर बिन्दुवार निरिक्षण कर जांच प्रतिवेदन तैयार किया गया। जो जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा।

## रसीद कट्टे नहीं हैं, दे रहे हवन कुंड की पर्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर धर्मस्व विभाग द्वारा जारी रसीद कट्टे खत्म हो जाने से एक पखवाड़े से हवन कुंड किराए की रसीदे सादे कागज पर बनाकर दी जा रही है। जिसके चलते कई सवाल पैदा हो रहे हैं। मां बगलामुखी का पांडवकाल से भी पूर्व मंदिर नगर में स्थित है।

जिसे वर्षों पूर्व सरकार द्वारा धर्मस्व विभाग में शामिल कर यहाँ प्रबंधन अपने हाथों में ले लिया था। सिद्धपीठ पर हवन अनुष्ठान करने के लिए शासकीय मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति द्वारा हवन कुंड का किराया निर्धारित कर परिसर में स्थित अपने कार्यालय से किराए की रसीद बनाई जाती है। जानकारी के अनुसार उक्त रसीदों के कट्टे धर्मस्व विभाग से जारी होते हैं। प्रबंध समिति के कार्यालय पर इस प्रकार की रसीद के कट्टे विगत कई दिनों से खत्म हो गए हैं। जिसके कारण मंदिर पर हवन अनुष्ठान करने वाले भक्तों को सादे कागज के टुकड़े पर रसीद के स्थान पर सादे कागज के टुकड़े पर हवन कुंड संख्या लिखकर दी जा रही है। इस प्रकार सादे कागज पर लिखकर दिया जाना कई प्रकार की आशंकाओं को जन्म दे रहा है।




### इनका कहना है...

मां बगलामुखी मंदिर पर हवन करवाने वाले भक्तों को मंदिर कार्यालय से जो रसीद प्रदान की जाती है। गत कुछ दिनों से रसीद कट्टे खत्म होने तथा कमिश्नर कार्यालय से नए कट्टे प्राप्त नहीं होने से रजिस्टर मेंटेन कर भक्तों को कच्ची रसीद प्रदान की जा रही हैं।

**मिलिंद ढोके,** एसडीएम तथा अध्यक्ष मां बगलामुखी मंदिर समिति नलखेड़ा

### विद्युत लाइन के मेंटेनेंस के चलते विद्युत प्रदाय रहेगा बंद

**नलखेड़ा।** मप्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा वर्षा काल के चलते विद्युत लाइन के मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण नगर के कुछ स्थानों पर रविवार को 4 घंटे के लिए विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के स्थानीय अधिकारी ने बताया कि रविवार को नलखेड़ा टाऊन फीडर का मेंटेनेंस प्लान प्रस्तावित है जिसके कारण जायसवाल कॉलोनी, भगतसिंह मार्ग, कुम्हार सेरी, पुराना अस्पताल, रामपुरा, ठाकुर मोहल्ला तहसील, अयोध्या बस्ती, पुराना टोल टैक्स, धरोला रोड तरफ की लाइट सुबह 8 से 12 तक बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि मेंटेनेंस कार्य के चलते आवश्यकता के अनुसार समय घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

## मामला बड़ा है, इसकी जांच भी लंबी चलेगी: एएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

**मामला कुंडालिया पुनर्वास घोटाले का**

ग्राम गोठड़ा के समीप निर्मित कुंडालिया बांध के पुनर्वास घोटाले के आरोपियों पर प्रकरण दर्ज करने के पूर्व पुलिस महकमा इसकी जांच में जुटा हुआ है। इसीके चलते एडिशनल एसपी द्वारा पुलिस थाना पहुंचकर संदिग्धों से पूछताछ की गई। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मामला बड़ा है जांच लंबी चलेगी। बहुचर्चित कुंडालिया बांध पुनर्वास घोटाले में तहसील के ग्राम भंडावद में 117 हितग्राहियों की पुनर्वास सूची की शिकायत के बाद जांच में यह सिद्ध हुआ था कि कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर 5 करोड़ 85 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करवाई गई थी। जिला प्रशासन द्वारा इन नाबालिगों के बैंक खातों को फ्रिज कर इनसे रिकवरी प्रारंभ भी की गई थी। अधिकारियों के अनुसार जिसमें से एक करोड़ से अधिक की राशि जमा भी की जा चुकी थी। अब सवाल यहा उठता है कि इस तरह से कूटरचित दस्तावेजों से मुआवजा राशि स्वीकृत करवाने के मामले में जिला प्रशासन द्वारा जांच की जाकर हितग्राहियों के खाते फ्रिज करवा कर कुछ रिकवरी भी की गई है, वहीं कुछ छोटे कर्मचारियों को निलंबित भी किया गया है। अब पुलिस महकमे द्वारा अलग से जांच कैसी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार कलेक्टर द्वारा जांच प्रतिवेदन के साथ आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के लिए पुलिस विभाग को लिखा भी गया था। अब पुलिस महकमा मामले में अलग से जांच कर रहा है। जोकि समझ से परे है। इसी मामले को लेकर शुक्रवार रात्रि को एडिशनल एसपी निशा रेड्डी ने स्थानीय पुलिस थाने पहुंचकर मामले में संदिग्धों से कुछ से पूछताछ भी की गई है। जिसके उपरांत पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने इतना ही कहा कि मामला बड़ा है जांच भी लंबी चलेगी। अब सवाल ये उठता है कि यदि कलेक्टर द्वारा जांच कर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं तो पुलिस फिर से उसमें जांच कर क्या सिद्ध करना चाह रही है ?

**कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश**

## स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत 18 से 20 जून तक प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 18 से 20 जून के मध्य आयोजित होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में संपन्न हुई।

कलेक्टर ने स्कूल चले हम अभियान 2024 अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के लिए निर्धारित गतिविधियां जिले के सभी शासकीय स्कूलों में आयोजित करवाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि 18 जून को शाला स्तर पर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित करें, जिसमें शाला के पूर्व विद्यार्थी एवं जनप्रतिनिधियों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया जाए। ग्राम/बसाहट शाला से बाहर रहे बच्चों का नामांकन किया जाए एवं उनके अभिभावकों का स्वागत करें। इस दिन समस्त पात्र शालाओं में विशेष भोजन का वितरण भी करवाये। 19 जून को सभी शालाओं में अभिभावकों के साथ शालेय गतिविधियों पर चर्चा, जिसमें प्रमुखतः कक्षावार विषयखंड, शैक्षणिक कैलेण्डर, अध्ययन-अध्यापन प्रकिया, अभिभावक-शिक्षक बैठकों, सह शैक्षणिक गतिविधियों, शाला में उपलब्ध सुविधाओं आदि की जानकारी प्रदान की जाए, कक्षावार उपयोगी स्टेशनरी सामग्री की अभिभावकों को जानकारी प्रदान करे तथा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जाए। 19 जून को सभी स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन होगा। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर सिंह ने निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में 30 जून तक असाक्षरों का लक्ष्य प्राप्त कर सर्वे कर राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर शत प्रतिशत एंट्री किया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने शासकीय स्कूलों के परीक्षा परिणाम, स्कूल भवन के रख-रखाव एवं मरम्मत आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए।



बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर, जिला शिक्षा अधिकारी आरजी शर्मा, डीपीसी रजनीश स्वर्णकार सहित बीआरसी, एपीसी, बीईओ, बीएसी, सहायक यंत्री, उपयंत्री और जनशिक्षक उपस्थित थे।

## तीसरी बार सांसद बनने के बाद आज आएंगे नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार निर्वाचित होने के बाद सांसद रोडमल नागर का रविवार को प्रथम नगरागमन होगा। एक कार्यक्रम में नागर पार्टी कार्यकर्ताओं व मतदाताओं का आभार व्यक्त करेंगे। जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया ने बताया कि तीसरी बार राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित होने के बाद सांसद नागर का रविवार को दोपहर 2 बजे प्रथम नगरागमन होगा। उन्होंने बताया कि सांसद नागर मां बगलामुखी मंदिर पर पूजा अर्चना के पश्चात समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं का आभार व्यक्त करेंगे।



### मां बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जोड़ने की करेंगे मांग

सांसद नागर के नगरागमन पर पार्टी कार्यकर्ता एवं आमजन उनसे मां बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जोड़ने की मांग भी करेंगे। मां बगलामुखी मंदिर रेल मार्ग से जुड़ जाने पर जहां सिद्धपीठ पर आने वाले दर्शनार्थियों को आने जाने में आसानी रहेगी, वहीं क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए रोजगार का मार्ग भी खुल सकता है।

खबर संक्षेप

## घर के सामने खड़ी कार के बदमाशों ने कांच फोड़े



**देवास।** शुक्रवार देर रात शहर के मध्य स्थित एक निजी स्कूल के पास खड़ी कार के कांच कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा फोड़ दिए गए। मामले को लेकर कार मालिक ने शनिवार सुबह नाहर दरवाजा थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन जांच हेतु दिया। पीड़ित दिनेश पिता श्यामलाल सोलंकी निवासी विक्रम मार्ग नयापुरा ने बताया कि बीती रात मेरी ओमनी कार क्रमांक एमपी 41 बीसी 1574 नयापुरा डायमंड स्कूल के सामने खड़ी थी। बीती रात कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मेरी कार के कांच फोड़ दिए गए। क्षेत्र में अक्सर असामाजिक तत्व शराब के नशे में घूमते रहते हैं, जिसके कारण क्षेत्र के लोगों में भय का वातावरण बना रहता है। नशेड़ियों के कारण सुबह और शाम के समय मंदिर तक जाने में परेशानी होती है। दिनेश सोलंकी ने पुलिस से असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने सीसीटीवी खंगालकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## 23 से 25 जून तक चलाया जाएगा पल्स पोलियो अभियान

**देवास।** जिले में 23 से 25 जून तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा। अभियान के तहत जिले में पांच वर्ष की उम्र तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। अभियान के पहले दिन 23 जून को बूथ पर दवा पिलाई जायेगी। पहले दिन पल्स पोलियो की दवाई से वंचित रहने वाले बच्चों को अगले दिन 24 एवं 25 जून को घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दवा पिलाई जायेगी।

### प्रशासन ने ग्राम शंकरगढ़ में स्थित राम मंदिर की जमीन से अवैध कब्जे को हटाया

# न्यायालय के आदेश पर राजस्व दल ने 3.5 करोड़ की 18 बीघा जमीन को कराया मुक्त

ग्राम शंकरगढ़ स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 78, 79, 80, 81,87, 88, 89, 90, 91, 92, 93, 94, 95 कुल सर्वे नंबर 13 कुल रक़बा 4.439 लगभग 18 बीघा ज़मीन भूमिस्वामी राम मंदिर को मुक्त कराया(

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शनिवार को प्रशासन ने ग्राम शंकरगढ़ में स्थित राम मंदिर की जमीन को न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश के आदेश पश्चात ग्राम शंकरगढ़ स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 78,79,80,81,87, 88,89,90,91,92,93,94,95 कुल सर्वे नंबर 13 कुल रक़बा 4.439 लगभग 18 बीघा ज़मीन भूमिस्वामी राम मंदिर (मूर्ति) से इज़हार अली पिता शब्बीर खाँ से अवैध आधिपत्य हटाकर प्रशासन के द्वारा लिया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त भूमि की बाज़ार क़ीमत लगभग 3.5 करोड़ है।दरअसल शहर के शंकरगढ़ में मुक्तीधाम के पीछे राम मंदिर की करीब 18 बीघा कृषि भूमि है, जिस पर एक व्यक्ति का वर्षों से कब्जा था। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन था, द्वितीय सत्र न्यायाधीश के द्वारा एक आदेश पारित हुआ जिसमें उक्त भूमि से अवैध आधिपत्य को हटाना था। तहसीलदार के द्वारा विधिवत सुनवाई का अवसर दिया गया था। उसके बाद शनिवार को अवैध आधिपत्य को हटाया गया। इस दौरान तहसीलदार व उनकी टीम के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा। मुक्तिधाम के पीछे एक मंदिर की भूमि पर लंबे समय से उक्त व्यक्ति का कब्जा था जो वर्षों से भूमि पर खेती करता था। शनिवार को प्रशासनिक टीम राजस्व अधिकारी व पटवारियों के साथ उक्त भूमि पर पहुंची और सीमांकन के बाद उक्त भूमि को कब्जेधारी के कब्जे से मुक्त करवाया। कब्जेधारी द्वारा जो फसल खेत में उगाई गई थी जेसीबी के माध्यम से उसे भी नष्ट करवाया गया। साथ ही भूमि पर बने टीनशेड को भी जमींदोज किया गया। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में पुलिसबल तैनात था। उक्त भूमि श्री राम मंदिर व पुजारी विजय कुमार पता हेबतराव मार्ग के नाम से दर्ज है। तहसीलदार सपना शर्मा ने बताया कि यह भूमि श्रीराम मंदिर व मूर्तिस्वामी है उनके नाम दर्ज है। लगभग 35 से 40 वर्षों से इजहार अली के द्वारा भूमि पर कब्जा था, भूमि पर शब्बीर खां द्वारा कब्जा किया गया था। उनके बाद उनके पुत्र इजहार अली ने कब्जा कर रखा था। इस मामले में वर्ष 2015 में पटवारी अजय दायमा ने एक अतिक्रमण की रिपोर्ट दी थी, जैसे ही मामला संज्ञान में आया इनको नोटिस देने पर यह न्यायालय में चले गए। द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश सोनल पटेल के द्वारा 2 मई 2023 में एक आदेश पारित किया गया। जिसमें इनको विधिवत सुनवाई का अवसर देकर अवैध आधिपत्य को हटाया जाना था। हमारे द्वारा भी इन्हें विधिवत तहसीलदार न्यायालय की और से सुनवाई का अवसर दिया गया। इनका पक्ष सुना गया। इसके बाद इजहार अली का आधिपत्य था उसे हटाने की कार्रवाई की गई। वर्तमान में इस भूमि को खाली करवाकर इसका कब्जा पटवारी को सौंप रहे है। उक्त कृषि भूमि लगभग 18 बीघा जमीन है। आगे की कार्रवाई कोर्ट के माध्यम से की जाना है। संपूर्ण कार्रवाई में तहसीलदार सपना शर्मा, राजस्व निरीक्षक लखन पुरबिया, हल्का पटवारी आरती वर्मा, अजय दायमा एवं अन्य पटवारी , सभी कोटवार तहसील देवास, पुलिस बल थाना औद्योगिक क्षेत्र की उपस्थिति में की गई।



# जिले में अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

### कार्रवाई कर 28 ट्रैक्टर-ट्रॉली किए जब्त



**देवास।** अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रालियों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में रेत सहित अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण तथा ओवरलोडिंग पर देवास जिले में कार्यवाही लगातार जारी है। सतवास तहसील के फतेहगढ़ घाट पर रेत के अवैध उत्खन्न के खिलाफ प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई कर 28 ट्रैक्टर ट्राली जब्त किये है। एसडीएम कन्नौद प्रवीण प्रजापति ने बताया कि प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने फतेहगढ़ घाट पर रेत के अवैध उत्खन्न पर संयुक्त रूप से कार्रवाई कर 28 ट्रैक्टर ट्राली जब्त किये गये। ट्रैक्टर ट्रालियां सतवास थाने पर अभिरक्षा में खडे किये गये हैं। जप्त ट्रेक्टरों के प्रकरण बनाकर जिलास्तर पर भेजे जायेंगे। उन्होंने बताया कि टीम लगातार फतेहगढ़ घाट पर रेत के अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, आज बड़ी कार्रवाई की गई है। इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। जिला खनिज अधिकारी रश्मि पांडेय ने बताया कि कार्रवाई के लिए टीम टूरिस्ट ट्रेवलर बस से पहुंची। अवैध उत्खन्न करने वाले ट्रेक्टर वालों का नेटवर्क में मेन रोड से लेकर अन्दर हर 100 मीटर की दूरी पर एक व्यक्ति खडा रहता है, जो की आगे मेसेज करता है कि कार्रवाई के लिए कोई आ तो नहीं रहा है। इसलिए टीम टूरिस्ट ट्रेवलर बस से पहुंची और कार्रवाई कर 28 ट्रैक्टर ट्राली जब्त किये गये। जिले में किसी भी प्रकार के खनिजों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जायेगी। खनिजों अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों की मशीनें एवं डम्पर, टै्रक्टर ट्राली न केवल जब्त की जाएंगी बल्कि कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारी कन्नौद प्रवीण प्रजापति, तहसीलदार हरिओम ठाकुर, माइनिंग इंस्पेक्टर गणेश विश्वकर्मा एवं बरैठा, थाना प्रभारी सतवास आशीष राजपूत एवं समस्त दल उपस्थित था।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

**देवास।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रेलम बघेल ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। इच्छुक आवेदक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन https://awards.gov.in पर 31 जुलाई 2024 तक कर सकते है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास कार्यालय चामुण्डा काम्प्लेक्स तृतीय तल पर संपर्क कर सकते है। यह पुरूस्कार ऐसे 0 से 18 आयु के बच्चों को दिए जायेंगे,जिन्होंने अदम्य साहस, खेलकूद, सामाजिक कार्यों, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्र में असाधारण कार्य करते हुए समाज पर उसका प्रभाव डाला हो।

# जिले में खरीफ पूर्व तैयारी के संबंध में कलेक्टर गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में खरीफ पूर्व तैयारी के सबंध में जिले के किसान संघ एवं जिले के प्रगतिशील किसानो के साथ बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उप संचालक कृषि आर.पी. करनेरीया एवं कृषि वैज्ञानिक उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि मोसम पुर्वानूमान सबंधी दो मोबाईल एप (दामिनी एवं मोसम एप) है। बैठक में अरहर (तुअर) की नवीन किस्म पुसा अरहर 16, सोयाबीन की नवीन किस्मे जेएस 20-98, आरवीएसएम 2011-35 एनआरसी 138 गेहू की बायोफार्टिफाईड किस्मे, गेहू मे नैनो युरिया का उपयोग, कस्टम हायरिंग के द्वारा कृषि यंत्रीकरण को बढावा देना के बारे मे विस्तार पुर्वक संगठन के पदाधिकारी एवं कृषको से चर्चा की गई। बैठक में कृषि वैज्ञानिको द्वारा बताया गया कि सोयाबीन मे डीएपी के स्थान पर एनपीके काम्प्लेक्स एवं जिंक सल्फेट एवं जिप्सम के महत्व को विस्तार से बताया।

# बागली न्यायालय परिसर में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

तहसील विधिक सेवा समिति बागली के तत्वाधान मे शनिवार को न्यायालय परिसर बागली में मानसून सत्र में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश वीणा अग्निहोत्री, आयुषी मालवीय, काजल नायक एवंअभिभाषक संघ के अध्यक्षमहेंद्र पाटीदार, अधिवक्ता प्रवीण चौधरी कमलेश शर्मा कुणाल चौधरी प्रभु डोडवे आदि उपस्थितथे।

अधिवक्ता कुणाल चौधरी एवं कमलेश शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष में पौधारोपण की श्रृंखला को आगे बढ़ाया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश वीणा अग्निहोत्री ने कहा कि जीवन मेंहरियाली और खुशहाली चाहिएतो पौधे लगाए।



# महेश नवमी पर हुआ भगवान महेश का रूद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

समाज उपाध्यक्ष सुनील माहेश्वरी, राजकुमार भूतड़ा ने बताया कि महेश नवमी पर भगवान महेश का रूद्राभिषेक मंत्रोच्चार के साथ पं. अजय शास्त्री ने संपन्न कराया। इस वर्ष प्रभात फेरी की जगह शोभा यात्रा निकलने के कारण अभिषेक में समाज के 8 जोड़ों ने भाग लिया। मंजू मनोज बजाज, चंदा ओमप्रकाश तापड़िया, सोनल अनिल झंवर, सुमन राजेन्द्र मूंदड़ा, सुशीला महेश मंडोवरा, अदिती आयुष भूतड़ा, सारिका सचिन झंवर एवं प्रियंका विकास मालू ने श्रद्धा के साथ भगवान महेश का अभिषेक किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कैलाश डागा, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रहलाद दाड़, समाजजन उपस्थित रहे। भगवान महेश की आरती एवं प्रसाद वितरण के पश्चात समाज की साधारण सभा संपन्न हुई।



# जल गंगा अभियान के अंतर्गत तालाब पर श्रमदान कर की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जल गंगा अभियान के तहत नगर निगम द्वारा निगम सीमा क्षेत्र मे स्थित कुंओं बावडीयों व तालाबों पर श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

शासन की इस पहल को एक अभियान के रूप मे प्रदेश स्तर पर सभी नगरीय निकायों मे जल गंगा संवर्धन अभियान चलाकर नगरीय निकायों के क्षेत्रो मे 5 जून से 15 जून तक यह अभियान चलाया जा रहा है।अभियान में निगम सीमा क्षेत्र के कुंओं, तालाबों व बावडीयों पर श्रमदान कर पुनर्जीवित करने का कार्य बड़े पौमाने पर हुआ, जिसके अन्तर्गत निगम द्वारा शनिवार को मंडूक पुष्कर तालाब व वार्ड 26 मे सिविल लाईन मल्हार कोठी रोड स्थित बावड़ी पर श्रमदान कर सफाई कार्य किया गया।

जल गंगा अभियान का समापन रविवार 16 जून को स्थानीय मीठा तालाब स्थित पंचवटी पर किया जाएगा। श्रमदान अभियान मे निगम प्रभारी कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, उपयंत्री तौफीक खान, दिलीप मालवीया, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी भूषण पवार, हरेन्द्रसिह ठाकुर, ओमप्रकाश पथरोड, रवि गोयनार, अरूण तोमर आदि सहित नगर के वरिष्ठ नागरिकगण बडी संख्या में उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर वरिष्ठ नागरिक संस्था ने सौंपा ज्ञापन

# असम्मानजनक व्यवहार नकारात्मक स्वरूप देता है: पाराशर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वरिष्ठ नागरिक संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर रैली निकालकर कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संस्था अध्यक्ष ओ.पी.पाराशर व गंगा सिंह सोलंकी ने बताया कि सभी वरिष्ठजन वरिष्ठ नागरिक परिसर में एकत्रित हुए। जहां से शांतिपूर्वक रैली निकालते हुए मांगो को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। कलेक्ट्रेट में गेट मीटिंग हुई। मीटिंग को संबोधित करते हुए पाराशर ने कहा कि अधिकांश वरिष्ठजन स्वयं के कार्य करने में असमर्थ होते हैं, ऐसी स्थिति में उनके बच्चे पत्नी, रिश्तेदार, डॉक्टर, नर्स, नौकर या जिनसे बुजुर्गों को देखभाल की अपेक्षाएँ हो, ऐसे लोग बुजुर्गों को किसी तरह की हानि पहुंचाते हैं या उपेक्षा करते हैं या ठीक से उनका भरण पोषण नहीं करते हैं तो उनकी ये हरकत दुर्व्यवहार की श्रेणी में आती है।

बुजुर्गों के प्रति असम्मानजनक व्यवहार उनके जीवन स्तर की गुणवत्ता को नकारात्मक स्वरूप देता है जो कि मानव अधिकारों का उल्लंघन है। गंगासिंह सोलंकी ने पेंशनरों को महंगाई भत्ते की किश्तों को न दिए जाने पर सरकार द्वारा वरिष्ठों के प्रति दुर्व्यवहार बताया। ज्ञापन में मांग की गई कि वरिष्ठ नागरिक सेवा केन्द्र के संचालन हेतु अनुदान पर लगी रोक को तुरंत निरस्त किया जाना चाहिए, ताकि सेवा केन्द्र पुनः संचालित हो सके। पेंशनर्स को लम्बे समय से महंगाई भत्ते में वृद्धि का लाभ नही मिल पाया है। साथ ही छठे वेतन मान का 32 माह एवं सातवें वेतनमान का 27 माह की बकाया राशि का लाभ भी नही मिल पाया है।



जो कि वित्तीय/आर्थिक दुर्व्यवहार की श्रेणी में आता है। वरिष्ठजनों को रेलवे में पूर्ववत छुट प्रदान की जाना चाहिए। शासन द्वारा वरिष्ठजनों के कल्याण हेतु बनाई गई योजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि रक्षित की जाए तथा उसका निर्धारित समय सीमा में उपयोग किया जाए। वरिष्ठजन नीति एवं योजनाओं हेतु आयुक्त स्तर का स्वतंत्र विभाग स्थापित होना चाहिए। संपत्तिकर जलकर में वरिष्ठजनों को उचित छूट मिलना चाहिए। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित ध्वनि की तीव्रता से अधिक उपयोग वरिष्ठजनों को गंभीर बीमारियों की तरफ धकेलता है, इसकी तुरंत रोकथाम होना चाहिए। शासन वृद्धजनों को निःशुल्क या नाम मात्र प्रीमियम पर स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराए। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना में गरीबी रेखा के नीचे के हितग्राहियों के साथ ही अन्य वृद्धजनों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

गाँव एवं शहरों के शासकीय कार्यालयों में कार्यालय प्रमुखों को स्पष्ट निर्देश दिए जाना चाहिए कि किसी भी काम के लिए आने वाले वरिष्ठजनों को प्राथमिकता से अटेंड किया जाए। शासन के निर्देशानुसार पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक वरिष्ठ नागरिक समूहों/जिला समितियों का गठन होना आवश्यक है, किन्तु कुछ स्थानों को छोडकर इन निर्देशों का पालन नही हो रहा है। जहाँ वरिष्ठ नागरिक समूह/समितियां गठित हैं। वहां पर नियमित बैठक नहीं हो पाती। माता-पिता, वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम का यथा निर्देश क्रियान्वयन हो तथा उनके प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही की जाना सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान में बढ़ती हुई महंगाई से वृद्धजन त्रस्त है, अतः म.प्र में इंदिरा गांधी वृद्धजनों की पेंशन कम से कम 5000 रु की जाए। इस दौरान हिमांशु कुमार ढाली, श्रवण कुमार कानूनगो, विपिन कुमार कुमावत, बंशीधर चावडा, वीणा भार्गव, गंगासिंह सोलंकी, शीलनाथ आरस, मनोहर डी. सिन्हा, कैलाश चंद्र नागर, श्याम कुमार सिन्हा, अरविंद पाण्डे, खलील भाई, केसी गुप्ता, बाबूलाल मालवीय, सत्यनारायण वर्मा, मालवीय, लाम्बोरे, ओपी तिवारी, केसी रावत, बीडी चावड़ा, एमएस कुशवाह, जोसलीन सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## नुकसान कम, फायदा ज्यादा... किसानों ने बुवाई के लिए किया खेतों का रुख

# जिले में आंधी और तूफान के साथ हुई बारिश, अनेक पेड़ धराशायी

### ग्रामीण क्षेत्र के खपरेल व टीनशेडनुमा मकानों की लोहे की चादरें आंधी उड़ा ले गई



### जड़ों से ही उखड़े सालों पुराने पेड़



तेज आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश के पूर्व न केवल छोटे बल्कि सालों पुराने दर्जनों बड़े पेड़ कई स्थानों पर जड़ से रखड़कर जमीनों पर आ गिरे। स्थानीय खोयरी रोड, हाईवे के बाईपास, करेड़ी रोड पर सड़क के किनारों पर लगे दर्जनों पेड़ों के टूटकर जमीन पर गिरने के समाचार हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

शुक्रवार को शहर में दोपहर के समय तेज आंधी-तूफान के साथ करीब 2 घंटे तक हुई बारिश ने गर्मी, उमस से हलाकान लोगों को राहत पहुंचाई है। बुवाई के इंतेजार में बैठे किसान कृषि उपकरण लेकर खेतों की तरफ जाते नजर आए। हालांकि हल्की मिट्टी वाले किसान पहले ही अपने खेतों में बुआई कर चुके हैं परन्तु कठोर भूभाग वाले किसान बुवाई के लिए बारिश का इंतेजार कर रहे थे।

बारिश के रूप में बड़ी राहत भलेही जिले में दस्तक दे चुकी है लेकिन तेज आंधी-तूफान के साथ प्री-मानसून ने अनेकों स्थानों पर कहर भी बरपाया है। इस आंधी से कई जगहों पर पेड़ों के धराशायी होने की सूचना है तो अनेक जगहों पर बिजली एवं संचार लाइनों के तार टूटकर जमीन पर आ गिरे।

#### घरों में लगी लोहे की चादरें उड़ी

*आंधी, तूफान के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के कच्चे एवं टीनवाले मकानों में लगी लोहे की चादरें उड़ने के समाचार हैं। करेडी, चाटूखेड़ा, कालीपीठ, खिलचीपुर तरफ के ग्रामीण अंचलों में खपरैल एवं लोहे की चादरों वाले मकानों से चादरों को तेज आंधी अपने साथ उड़ा ले गई। हालांकि अचानक आई प्राकृतिक आपदा से कहीं से जनहानि का समाचार नहीं है।*

**14 जून को जिले में हुई कुल वर्षा**

| वर्षामापी केंद्र | 14 जून | सीजन की कुल बारिश |
|---|---|---|
| जीरापुर | - | 1.0 |
| खिलचीपुर | - | - |
| राजगढ़ | 11.1 | 24.5 |
| ब्यावरा | 15.0 | 74.2 |
| नरसिंहगढ़ | - | 44.5 |
| सारंगपुर | - | 71.6 |
| पचोर | 2.1 | 86.3 |
| औसत वर्षा | 4.0 | 43.1 |

**हाइवे ब्रिज के नीचे बिना किसी अनुमति के बेचा जा रहा पशुआहार**

# पीलूखेड़ी में जहरीला पदार्थ खाने से 2 गोवंश की मौत

## प्रशासन नहीं कर रहा संबंधितों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नगर के समीप औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेड़ी में शुक्रवार को सुबह 10 बजे के आसपास जहरीला पदार्थ खाने से दो गोवंश की मृत्यु हो गई। इसकी सूचना विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कुरावर पुलिस थाने में दी। मौके पर थाना प्रभारी मेहताब सिंह, उप निरीक्षक अरविंद सिंह राजपूत पहुंचे। वहीं पशु चिकित्सक डॉ डीआर अहिरवार एवं डॉक्टर भाटी ने पहुंचकर मृत गायों का पोस्टमार्टम किया और बताया कि उनकी मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई है। उसके पश्चात मृत गायों को वहीं दफना दिया गया।

#### खराब पशु आहार खाने से हुई मौत!

वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण तथा विश्व हिंदू परिषद में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि सोम डिस्टरलीज प्राइवेट लिमिटेड रायसेन से कुछ लोगों द्वारा बिना ग्राम पंचायत की अनुमति के नेशनल हाईवे पर औद्योगिक क्षेत्र के सामने ब्रिज के नीचे खुले आम बेफिक्र हो कर स्वच्छता अभियान का मजाक उड़ाते हुए ट्राले में पशु आहार लाया जाता है और उसे वहीं से बेचा जाता है। 2 से 3 दिनों में पशु आहार खराब हो जाता है और खराब पशु आहार बेचने वाले ब्रिज के नीचे फेंक जाते हैं जहां पर पालतू गाये उन्हें खा लेती हैं और वह खराब हो जाने के बाद पशु आहार जहरीला पदार्थ का रूप ले लेता है उनके खाने से गोवंश की मृत्यु हो जाती है और पहले भी हुई है और आज भी हो गई है।

औद्योगिक विभाग के साथ-साथ ग्राम पंचायत को भी चाहिए कि वह खुले में एवं बिना अनुमति के बिक रहे पशु आहार के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करें वहीं पुलिस विभाग ने भी अभी तक पशु आहार विक्रेताओं पर चालानी कार्यवाही की है लेकिन ब्रिज के नीचे खड़े होकर पशु आहार का विक्रय करने वालों के विरुद्ध शक्ति से कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो पाई है पुलिस विभाग को भी उक्त मामले में सत्य से सख्त कार्रवाई करनी होगी। तो वहीं दूसरी तरफ मौके पर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद में बजरंग दल के कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह राजपूत, दीपक शर्मा, अरविंद पाल, प्रदीप शर्मा, अरुण मेवाड़े, एवं विशाल नायक ने भी उक्त मामले में थाना प्रभारी को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है।

#### इनका कहना है

हमने मौके पर पहुंचकर गोवंश की मृत्यु की जानकारी ली है। यदि इसमें किसी तरह की लापरवाही हुई है तो हम कार्यवाही करेंगे।

**मेहताब सिंह,** थाना प्रभारी कुरावर

## सांसद ने माना कार्यकर्ताओं का आभार

*सुठालिया। आप सभी जांबाज कार्यकर्ताओं की वजह से भाजपा को लगातार तीसरी बार राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में जीत मिली है। उक्त बात शुक्रवार को राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद रोडमल नागर ने नगर के ब्यावरा रोड पर स्थित कंचन हरी मैरिज हाल में सुठालिया मंडल क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं को आभार धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा की भाजपा में सभी एक दूसरे के परस्पर सहयोगी है आपकी मेहनत परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी को लगातार तीसरी बार राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से जीत मिली। हमारे सामने दिग्विजय को हराना बड़ी चुनौती लग रहा था लेकिन आप के परिश्रम मेहनत के चलते आसान हुआ ओर मोदी लगातार तीसरी बार पीएम बने। यह हमारे लिए गौरव की बात है।*

# दो मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत में दो की मौत, तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



गुरुवार दोपहर सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में तीन अन्य युवक घायल हो गए। घायलों में एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसे भोपाल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार छोटा बैरसिया के समीप स्थित पाइप फैक्ट्री के सामने करीब साढ़े तीन बजे सड़क पर आमने-सामने से तेज स्पीड में आ रहे दो मोटरसाइकिल वाहनों की सीधी भिड़ंत हो गई। जिसमें पचोर निवासी सूरज राजपूत और नारायणी गांव निवासी अंकित नागर की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में कुलदीप, राहुल सहित एक अन्य घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जहां घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वही मृतके युवकों के शवो का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। रायसेन के समीप सड़क दुर्घटना में शहर के एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि को शहर से पांच युवक कार से जबलपुर की ओर जा रहे है थे। इसी बीच रात्रि करीब दो बजे रायसेन के समीप कंटेनर से भिड़ंत होने से कार में सवार युवक पवन पिता प्रेम नारायण सोनी उम्र 28 निवासी नरसिंहगढ़ की मौत हो गई। दुर्घटना में बाकी सवार युवकों को मामूली छोडते आई है। शुक्रवार को मृत युवक का शव नरसिंहगढ़ लाया गया। जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।

# सलाहः ब्रॉड बेड फरो पद्धति से बुआई करेंगे तो होगा अधिक उत्पादन

## कृषि विभाग ने फसलों का उत्पादन बढ़ाने किसानों को दिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। रबी सीजन के बाद अब जिले के किसान खरीफ फसल की बुआई कर रहे हैं। ऐसे में खरीफ फसलों का उत्पादन बढ़ाने कृषि विभाग ने जिले के लाखों किसानों को तकनीकी सलाह दी है। कृषि विभाग के उपसंचालक हरीश मालवीय ने कहा कि जहां हल्की एवं मध्यम काली मिट्टी वाला क्षेत्र है वहां पर किसानों को ब्रॉड बेड फरा (बीबीएफ) या चैड़ी क्यारी या नाली पद्धति से बुआई करनी चाहिए।

इस पद्धति को मूल रूप से सोयाबीन के खेतों में पानी की समस्या से निपटने के लिए विकसित किया गया है। मिट्टी की नमी का प्रबंधन वर्षा के पानी का मिट्टी में रिसाव तथा नमी अवधारणा को बढ़ाकर एवं पानी के बहाव एवं मृदा अपरदन को कम करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है।



#### बीबीएफ पद्धति की यह है विशेषताएं

कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार ब्रॉड बेड फरो पद्धति में सीड प्लेसमेंट हेतु एडजस्टमेंट की सुविधा दी जाती है। इस बहुउद्धेषीय मशीन का उपयोग प्रदाय किए गए फरो ओपनर को जोड़कर एवं हटाकर खरीफ एवं रबी दोनों फसलों के लिए किया जा सकता है। इस मशीन से पंक्ति से पंक्ति की दूरी एडजेस्ट की जा सकती है। बीबीएफ पद्धति से बने चैनलों या नाली के माध्यम से आसानी से सिंचाई की जा सकती है। रबी फसलों में उपयोग के लिए मशीन के साथ अतिरिक्त 5 टाईन उपलब्ध करवाए जाते हैं। इस पद्धति में बोए गए बीजों को मिट्टी से एकसाथ ढकने की सुविधा होती है। इस तकनीक से फसल उत्पादन में 14 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी हो जाती है।

#### फसल संचालन एवं सर्वोत्तम परिणाम के लिए यह दिए सुझाव

रबी फसल की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई कर उसे खुला छोड़ देना चाहिए क्योंकि उससे गुणवत्तापूर्ण चौड़ी क्यारी तैयार करने में मदद मिलती है। यदि हर साल यह काम करना संभव न हो तो कम से कम दो या तीन साल में एक बार अवश्य करना चाहिए। अन्य जुताई कार्यों का भी पालन यथावत करना चाहिए। एमबदी प्लाउ उपयोग न करने पर रिजिड टाइन कल्टीवेटर का पालन यथावत करना चाहिए।

## समाज में अब आ रही है जागरुकता और शिक्षा के प्रति अवेयरनेस

# सौंधिया समाज की होनहार प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के सौंधिया समाज सामाजिक सुधारों, शिक्षा के बढ़ावे के साथ ही कुप्रथाओं से दूर रहने के प्रयास फलीभूत हो रहे हैं। समाज के लोग अब जहां फिजूलखर्ची को छोड़ रहे हैं वहीं बालक-बालिकाएं कैसे उन्नति कर सकें इसके लिए कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। मृत्यु भोज के आयोजनों को समाजजनों द्वारा छोड़ा जा रहा है वहीं अन्य कुप्रथाएं जो समाज में व्याप्त थी, उनसे मुक्ति मिल रही है।

समाज के बच्चों को भी जीवन में उन्नति दिलवाने के प्रयास जागरुक लोग कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को सामाजिक छात्रावास में प्रतिभाओं को उभारने कैरियर मार्गदर्शन शिविर के साथ ही सम्मान समारोह आयोजन किया गया। कैरियर मार्गदर्शन के दौरान बच्चों को बताया गया कि किस तरह वे आगे विभिन्न क्षेत्रों में जाकर परिवार, समाज का नाम रोशन कर सकते हैं।



#### सम्मानित हुई प्रतिभाएं

कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक लाने वाले बच्चों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट अंक लाने वाले पूजा सौंधिया एवं भगवान सिंह भामलिया, मुस्कान चौहान, राधेश्याम सौंधिया पाड़लियाखेड़ी, रचना चौहान, रामेश्वर वीरेंद्रपुरा, बृजमोहन चौहान नानोरी, देवराज, लक्ष्मीनारायण, संदीप सौंधिया, अमृत सिंह पुरस्कृत किए गए। इसी तरह कक्षा 12वीं में सुमित सौंधिया, केसर सिंह, हरिओम तोमर, ईश्वर सिंह, इंदर सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रताप मंडलोई, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, संजय सिंह पंवार, मांगीलाल पटेल, भरत मंडलोई, हेमंत जादोन, षिवराज सिंह नारायण घटा, शिवसिंह, सुल्तान सिंह, नारायण सिंह, लाडसिंह, मदनसिंह खैरासी, तरवर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# व्यापारी महासंघ ने चोरों को पकड़ने की मांग का ज्ञापन टीआई को सौंपा

**माचलपुर**। नगर में जीरापुर रोड पर स्थित एक व्यापारी के गोडाउन से 2 मई रात्रि को 60 बोरी खल की चोरी हुई थी। उक्त चोरी की वारदात के आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर गुरुवार शाम को व्यापारी संघ द्वारा पुलिस थाने में टीआई को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में एक सप्ताह में चोरो को पकड़ कर माल जप्त करने की मांग की गई। ऐसा नहीं होने पर व्यापारी महासंघ धरना द्वारा धरना आंदोलन, प्रदर्शन वा नगर बंद करने की बात कही गई है। ज्ञात हो की व्यापारी लोकेशमोदी के जीरापुर रोड पर स्थित गोडाउन से 2 मई रात्रि को अज्ञात चोरों ने करीब दो लाख रूपये की खल की बोरियों की चोरी की वारदात हुई थी उक्त घटना के एक माह बाद भी चोरी का पुलिस कोई सुराग नहीं लगने से व्यापारियों में आक्रोश व्यक्त करते हुए ज्ञापन दिया इस मौके पर गिरिराज मोदी, जगदीश अग्रवाल, लोकेश मोदी, गोविंद सर्राफ,चांदमल अग्रवाल, राजेश करोडिया, रवि राठौर सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।



# जल गंगा संवर्धन अंतर्गत प्राचीन बावड़ियों व कुओं का जीर्णोद्धार

**छापीहेड़ा**। शासन के निर्देशानुसार 5 जून से 16 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान अंर्तगत लगातार नगर मैं साफ सफाई अभियान जीर्ण शीर्ण कुए बावड़ीयों का मनोरम दृश्य दिखने लगा। नपा छापीहेड़ा द्वारा लगातार यह अभियान सार्थक रूप से चलाया जा रहा है कई वर्षों से कूड़े कचरो से भरे प्राचीन कुवै बावड़यों की सुध बुध अब शासन द्वारा ली जा रही है। इससे आने वाले मानसून में बारिश के तहत पानी का संग्रहण शुद्ध तरीके से होगा।

जिसका फायदा क्षेत्र नगर वासियों को शत प्रतिशत मिलेगा बस स्टैंड स्थित प्राचीन चोपड़ा की मरम्मत के साथ-साथ साफ सफाई बाउंड्री की व्यवस्था बड़े सुचारू रूप से की गई वहीं पास में बोर के कारण पेयजल का मुख्य केन्द्र रहा है सफाई और संवर्धन का अभियान नगर परिषद द्वारा चलाया जा रहा है इसके अंर्तगत प्राचीन चोपड़ा कुए बावड़ी की सफाई बड़े सार्थक रूप से की जा रहीं हैं साथ ही कुएं के आसपास तार फेंसिंग जाली लगाई गई जिससे कि कुएं में अनावश्यक वस्तुएं न फेंकी जा सके मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा द्वारा समस्त नागरिकों से बार-बार अपील की कि वर्षा के जल का शत प्रतिशत सार्थक उपयोग हम सबको मिलकर करना चाहिए ताकि भूमिगत जल की मात्रा शत प्रतिशत बढ़े इस हेतु समस्त नागरिकों को सहयोग करना है हमारे प्राचीन कुओं में अनुपयोगी सामग्री न फेंके जिससे वे प्रदूषित न हो साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर जल संवर्धन में सहयोग करें जल है तो कल है इसका सदुपयोग करें यह अपील सार्थक रूप से नपा मुख्य अधिकारी हरिओम शर्मा द्वारा की गई।



## गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने किया था विरोध

# 65 करोड़ से अधिक की राशि से बन रही तलेन-मऊ-पडाना सड़क निर्माण कार्य में कई अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

केंद्रीय सड़क निधि से तलेन, मऊ-पडाना सड़क निर्माण मैं कई अनियमितताएं होने के बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। निर्माण एजेंसी द्वारा अवैध खनन किया गया। बेस बनाई में पीली मिट्टी युक्त मुरम बिछाई गई।

संकेतन चिन्ह नहीं होने से पूर्व में दुर्घटना भी हो चुकी है। बालू रेत मैं मिट्टी मिली हुई हे। निर्माण एजेंसी द्वारा नियमो को ताक में रखकर 65 करोड़ रुपये से अधिक राशि का बनने वाला तलेन - मऊ-पडाना रोड का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। जबकि इस रोड को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री से सड़क का बेस बनाने का कार्य किया जा रहा है अगर यही हाल रहा है तो सड़क कुछ माह भी नहीं चल पाएगी ग्रामीणों की मांग है कि निर्माण की जांच वरिष्ठ अधिकारियों से कराई जाए है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मैं इस रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे थे। गड्ढो के कारण दुर्घटनाएं होती रहती थी। पैच वर्क के नाम लाखों रुपए की राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। परंतु रोड में सुधार नहीं हुआ था। अब फिर केंद्रीय सड़क निधि से सड़क निर्माण कार्य के लिए 65 करोड़ रुपए से अधिक की राशि से सड़क निर्माण चल रहा है। जिसमें कई अनियमितताएं हैं।





#### इनका कहना है

*हम जिस दिन से आए हैं। हमारी यही कोशिश है रोड को अच्छा बनाया जाए जो हमारा नार्मस है। जिसके हिसाब से लेवल लाइन वगैरा हमारा कुछ डिस्टरवेन्स था। इसके चलते हमें बुलाया गया है। इस चीज को सुधार करना है। पूरे तरीके से सुधार नहीं कर पा रहे थे अब हम आए हैं हम अब पूरी तरीके से लगे हुए हैं। सुधार करनेत्र में हमारी कोशिश से रोड जो प्रोफाइल है उसे तरीके से रोड बने।*

**डीके सिंह,** प्रोजेक्ट मैनेजर गोडेक कांट्रेक्शन